सत्यमेव जयते

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA

महानगर दूरसंचार भवन, जे.एल.एन. मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड़,),

जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002

संख्याः 1-07/2023-प्रशासन एवं कार्मिक **दिनांकः 13 जुलाई, 2023**

प्रेषितिः-

भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय

(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) के पद को भरने के संबंध में।

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भादूविप्रा प्रारंभ में **दो वर्षों** के लिए **भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण)** के पद को भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये हैः-

पदनाम	वेतनमान / पे-लेवल	पात्रता की शर्तें	योग्यता
सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण)	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 14, रुपये 144200-218200 (संशोधन पूर्वः पी.बी-4, रुपये 37400-67000+ ग्रेड-पे रुपये 10000) एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि	केन्द्रीय सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारीः (i) जो नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत हैं **अथवा** (ii) सलैक्शन ग्रेड में कार्यरत अधिकारी, जिन्होंने उक्त ग्रेड में चार वर्ष की नियमित सेवा की है **अथवा** (iii) ग्रुप ए अधिकारी जिन्होंने ग्रुप ए में सत्रह वर्ष की नियमित सेवा की है, जिसमें से कम से कम चार वर्ष की नियमित सेवा सलैक्शन ग्रेड में होनी चाहिए।	**अनिवार्य** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से व्यवसाय/ प्रशासन/अर्थशास्त्र/ वाणिज्य/ इजीनियरिंग/विधि/विज्ञान/ मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत एवं निर्माण लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता एवं संबंधित क्षेत्र में वांछनिय अनुभव। **वांछनीय** अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में स्नातक/स्नातकोत्तर और / अथवा अर्थमितीय मॉडलिंग का कार्यसाधक ज्ञान, आर्थिक नियमों, नियामक लागत विश्लेषण और टैरिफ मुद्दों में उपयोग के लिए सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान।

क्रमशः....पृ/2

संख्याः 1-07/2023-प्रशासन एवं कार्मिक दिनांकः 13 जुलाई, 2023

3. यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर की जायेगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (पे-II) दिनांक 17 जून, 2010 और इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन के अधीन होंगी। **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पर आवेदक की आयु किसी भी तरह 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

4. सभी मंत्रालयों / विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं; की पिछली पाँच वर्षों की ए.सी.आर. / ए.पी.ए.आर. की सत्यापित प्रतिलिपियों और सतर्कता / अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रपत्र (भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है) में आवेदन प्रेषित करने का आग्रह किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002** को **दिनांक 01 सितम्बर, 2023** तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाषः 011-23664-213

प्रतिलिपिः-

1. विशेष कार्याधिकारी, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
5. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) – कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
6. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली – *कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।*
7. उप महाप्रबंधक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली- 110001 – *कृपया इसे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।*
8. नोटिस बोर्ड